प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 09.07.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1-थाना नागफनी पुलिस द्वारा, सामूहिक दुष्कर्म का 01 अभियुक्त गिरफ्तार व 01 बाल अपचारी को हिरासत/निगरानी में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि दिनांक 27.05.2024 को वादिनी निवासी थाना नागफनी क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादी की पुत्री के साथ सामूहिक दुष्कर्म करना व विरोध करने पर मारपीट करने के सम्बन्ध में थाना नागफनी पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना नागफनी पर मु0अ0सं0-133/2024 धारा-376डी/323 भादवि पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 09.07.2024 को उ0नि0 राकेश सिंह थाना नागफनी द्वारा मय हमराही पुलिस बल अभियुक्त बोबी पुत्र बहोरन निवासी हुसैनपुर पस्तोर थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार तथा 01 बाल अपचारी को हिरासत/निगरानी में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

2-अवैध शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ 01 गिरफ्तार थाना सिविल लाईन्सः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, अवैध/अपमिश्रित शराब के निर्माण, बिक्री/तस्करी पर रोकथाम व संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक-09.07.2024 को थाना सिविल लाईन्स पुलिस द्वारा अभियुक्त **नरेश कुमार पुत्र लाल सिंह निवासी आदर्श कालोनी थाना सिविल लाइन जनपद मुरादाबाद** को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 20 लीटर शराब नाजायज व भटटी उपकरण जिसमें एक भटटी, एक कनस्तर, एक पतीली एल्युमिनियम, एक पत्ता एल्यु-मिनियम,एक मग्गा, एक बाल्टी प्लास्टिक, एक काँच की बोतल बरामद की गई। इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना सिविल लाईन्स पर मु0अ0सं0-583//2024 धारा-60(2) आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

3-जानलेवा हमला करने के 02 अभियुक्त गिरफ्तार थाना सिविल लाईन्सः-

अवगत कराना है कि दिनांक 07.07.2024 को कपिल दिवाकर पुत्र स्व0 रामू दिवाकर निवास आवन्तिका कालोनी थाना सिविल लाईन्स मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा झगडा करने तथा जानलेवा हमला करने के सम्बन्ध में थाना सिविल लाईन्स पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना सिविल लाईन्स पर मु0अ0स0- 581//2024 धारा-115, 109, 3(5), 191(2), 191(3), 190 बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक-09.07.2024 को निरीक्षक श्री राजेन्द्र कुमार थाना सिविल लाईन्स द्वारा मय हमराही पुलिस बल अभियुक्त 1-मनीष कुमार पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम दयानाथपुर थाना छजलैट मुरादाबाद 2-शलभ कसाना पुत्र सोबरन सिंह निवासी लदावली थाना छजलैट मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।